**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 19 /03/विज्ञापन अनुभाग (ग्यारह)/2026/02-परीक्षा/2026**

लखनऊ : दिनांक : 22 अप्रैल, 2026

**शुद्धि-पत्र**

आयोग के विज्ञापन संख्या-02-परीक्षा/2026, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (संयुक्त संवर्ग) मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2025)/03 के अंतर्गत **उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड** के नियंत्रणाधीन **विभिन्न अर्हता के** कुल 93 पदों पर चयन हेतु दिनांक 11-03-2026 को विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। उक्त विज्ञापन के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन / शुल्क जमा करना प्रारम्भ होने की तिथि-02-04-2026, ऑनलाइन आवेदन/शुल्क जमा/आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि-22-04-2026, शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि-29-04-2026 निर्धारित है।

उल्लेखनीय है कि **उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण परिषद् सेवा विनियमावली, 1995** के नियम 3(ट) एवं नियम 8 के परीक्षण के उपरांत मा0 आयोग द्वारा सम्यक विचार-विमर्श कर उक्त विज्ञापन के अंतर्गत आयु गणना की निश्चायक तिथि **01-07-2025** निर्धारित किये जाने तथा ऑनलाइन आवेदन/शुल्क जमा/आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि तथा शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि को निम्नवत विस्तारित किये जाने का निर्णय लिया गया है-

- ऑनलाइन आवेदन/ शुल्क जमा /आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि - **29-04-2026**
- शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि - **06-05-2026**

सूच्य है कि यह शुद्धि-पत्र आयोग के विज्ञापन संख्या-02-परीक्षा/2026, दिनांक 11-03-2026 के अनुक्रम में निर्गत किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आवेदन की प्रक्रिया, आवेदन शुल्क, चयन का आधार एवं विहित शर्तें व अनुदेश वहीं रहेगें, जो पूर्व में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत प्रकाशित किये गये हैं।

22/04/2026

**(अवनीश सक्सेना)**
**सचिव।**